Congratulations to Indian Women Cricket Team for winning Women Cricket World Cup, 2025, Indian Blind Women Cricket Team for winning 1st Women?s T20 Cricket World Cup for the Blind 2025 and India?s Women Kabaddi Team for winning the Women?s Kabaddi World Cup 2025

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, सम्पूर्ण देश के लिए यह अत्यंत गौरव और सम्मान का विषय है कि भारत की महिला क्रिकेट टीम ने दिनांक 02 नवम्बर, 2025 को दक्षिण अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट विश्व कप, 2025 का खिताब जीत लिया है । साथ ही हमारे लिए यह भी बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने दिनांक 23 नवंबर, 2025 को नेपाल को हराकर पहला टी 20 महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड, 2025 जीता है ।

इसी क्रम में आपके साथ साझा करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि भारतीय महिला कबड्डी टीम ने दिनांक 24 नवंबर, 2025 को चीनी ताइपेई को हराकर महिला कबड्डी विश्व कप का खिताब भी जीता है ।

इसके अतिरिक्त, 15 से 26 नवंबर, 2025 के दौरान जापान में आयोजित डेफ-लिम्पिक्स प्रतियोगिता में भारत ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल रिकॉर्ड 20 पदक जीते, जिनमें 9 स्वर्ण, 7 रजत तथा 4 कांस्य पदक शामिल हैं ।

हमें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है । इन युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए यह असाधारण सफलता प्राप्त की है ।

हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाता है, बल्कि हमारे एथलीटों की सामूहिक शक्ति, संकल्प और समर्पण को भी दर्शाता है । यह जीत उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है । हमारे खिलाड़ियों की इन उपलब्धियों से देश के लाखों युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा मिली है ।

यह सभा भारतीय महिला खिलाड़ियों तथा दिव्यांग खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करती है तथा उनकी भावी सफलताओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं देती है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आज शीतकालीन सत्र का पहला दिन है । मेरा सभी माननीय सदस्यों से यह अपेक्षा है कि वह सदन में रचनात्मक और सक्रिय भागीदारी निभाएं । लोकतंत्र में सहमति-असहमति होती रही है । वैचारिक मतभेद भी होते हैं, लेकिन उसका समाधान चर्चा और संवाद से निकलता है ।

मैंने पिछले सत्र के अंदर भी आप लोगों से आग्रह किया था कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं । हमें अच्छी परंपराएं और अच्छी परिपाटियां डालनी चाहिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह सदन नारेबाजी और तख्तियों के लिए नहीं है । इसके लिए आपके पास सदन के बाहर बहुत मौके होते हैं । मेरा आपसे हमेशा यह प्रयास रहता है कि आपको जनता ने चुनकर भेजा है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप उनकी अपेक्षाओं, उनकी आकांक्षाओं को अभिव्यक्त कीजिए, उनकी कठिनाइयों, उनकी चुनौतियों पर चर्चा कीजिए, उनके मुद्दों पर चर्चा कीजिए । मैं सभी को पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराऊंगा, लेकिन नियोजित तरीके से सदन को बाधित करना, यह लोकतंत्र के लिए अच्छी परंपरा नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : देश की जनता यह देखती है कि हम लोग चुनकर आए हैं । हम उनकी भावनाओं, कठिनाइयों, समस्याओं को रखेंगे, लेकिन हर बार सदन में नियोजित तरीके से बाधा उत्पन्न करना अच्छी परंपरा नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप चर्चा करें । यह प्रश्न काल है, प्रश्न काल महत्वपूर्ण समय होता है । हमेशा सदन के अंदर नारेबाजी और तख्तियां दिखाकर, नियोजित तरीके से सदन को बाधित करना ठीक नहीं है । देश और दुनिया में यह संदेश जाना चाहिए कि भारत की संसद और भारत में माननीय सदस्य सदन में कामकाज करते हैं, चर्चा करते हैं और सदन कभी बाधित नहीं होना चाहिए, यह परंपरा लागू कीजिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह प्रश्न काल है, प्रश्न काल में इन विषयों पर चर्चा नहीं होती है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : वोट के बाद फिर लोकतंत्र में लोगों को बहुत भागीदारी निभानी है और लोकतंत्र में भागीदारी हो जाएगी ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह प्रश्न काल है, प्रश्न काल में चर्चा होती है क्या?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग अच्छी परंपराएं लागू कीजिए । आप लोग वरिष्ठ नेता हैं, अभी सीट पर विराजें, सदन को चलने दीजिए । मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं, निवेदन कर रहा हूं कि सदन चर्चा, संवाद के लिए, देश की जनता की समस्याएं, कठिनाइयां उठाने के लिए, नीतियों पर चर्चा करने के लिए है । आप प्रश्न काल को स्थगित करने का प्रयास मत कीजिए ।

? (व्यवधान)

<u>11.13 hrs</u>

At this stage, Shri Imran Masood, Dr. T. Sumathy alias Thamizhachi Thangapandian, Sushri Mahua Moitra, Shri Dharmendra Yadav and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

-

? (*Interruptions*)

<u>12.00 hrs</u>

The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.

(Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

? (*Interruptions*)